# सेंट एंड्रयूज स्कॉट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल

**९वीं एवेन्यू, आई.पी.एक्सटेंशन, पटपडगंज,दिल्ली – ११००९२**

**सत्र: २०२५ -२६**

**कक्षा:तीन** **विषय:हिंदी** **पाठ:-३(श्रवण कुमार)**

1. कठिन शब्द

१. तीर्थ यात्रा

२. पुत्र

३. काँवर

४. अचूक

५. अयोध्या

६. कराहना

७. दशरथ

८. संदेह

९. बेचैन

१०. वियोग

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए -

प्रश्न १. श्रवण कुमार काँवर को कंधे पर रखकर कहाँ गए ?

उत्तर  - श्रवण कुमार काँवर को कंधे पर रखकर तीर्थयात्रा पर गए ।

प्रश्न २. हिरन के शिकार के लिए राजा कहाँ छिपे थे?

उत्तर  - हिरन के शिकार के लिए राजा झाड़ी के पीछे छिपे थे ।

प्रश्न ३. श्रवण कुमार ने राजा को क्या कहा ?

उत्तर - श्रवण कुमार ने राजा से कहा कि मेरे माता-पिता अंधे हैं,वे पेड़ के नीचे प्यासे बैठे हैं। आप उन्हें यह पानी पिला दें।

प्रश्न ४. आप अपने माता-पिता की सेवा कैसे करते हैं?

उत्तर - हम अपने माता-पिता की आज्ञा का पालन करके  और उनके सामने ज़िद ना कर के उनकी सेवा कर सकते हैं।

3. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाइए

१. पुत्र - बेटा

वाक्य - राजा दशरथ के चार पुत्र थे।

२. तीर - बाण

वाक्य - तीर श्रवण कुमार की छाती में लगा।

३. संदेह - शंका

वाक्य - रोहन को संदेह है कि मोहन ने ही चोरी की है।

४ . वियोग - अलगाव

वाक्य - राजा दशरथ पुत्र के वियोग में ही स्वर्ग सिधार गए।